MoU signed between Technical Education Department and IIT Mandi.

Department of Technical Education, Govt. of Himachal Pradesh and IIT Mandi agreed to facilitate training and up gradation of faculty of Government Engineering & Polytechnic colleges along with ITI sof the state to cope up the challenges of latest advancement in technology and its applications in the world of work.

In this context, a Memorandum of Understanding has been signed by Director Technical Education, Sh. Vivek Chandel and Director, IIT Mandi, Prof. Laxmidhar Behra at North Campus, IIT Mandi. Both the organizations have immediately started working as per this MoU. As per this agreement, in first phase, IIT Mandi will facilitate first batch of twenty faculties each from Engineering and Polytechnic colleges. Each batch will undergo for seven days fully residential faculty development program at IIT Mandi in the month of July and August 2022. In this program, faculty will learn latest know how and advancements in technology to upgrade their subject skills.

News Clips:-

आई.आई.टी. मंडी तकनीकी शिक्षा विभाग की फैकल्टी को देगा प्रशिक्षण

दोनों संस्थानों के बीच एम.ओ.यू. साइन

मंडी, 4 जुलाई (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभाग और आई.आई.टी. मंडी ने एम.ओ.यू. साइन किया है। निदेशक तकनीकी शिक्षा विवेक चंदेल और निदेशक आई.आई.टी. मंडी प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों संगठनों ने इस एम.ओ.यू. के तहत तुरंत काम करना शुरू कर दिया है।

इस समझौते के अनुसार पहले चरण में आई.आई.टी. मंडी तकनीकी शिक्षा विभाग के इंजीनियरिंग और पॉलीटैक्नीक महाविद्यालयों में से प्रत्येक श्रेणी के 20-20 फैकल्टी के पहले बैच को प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

इस मौके पर सतत् शिक्षा केंद्र के प्रमुख एवं स्कूल ऑफ कम्प्यूटिंग एंड इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग आई.आई.टी. मंडी के एसोसिएट प्रो. डा. तुषार जैन सहित तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। तकनीकी शिक्षा मंत्री डा. रामलाल मारकंडा ने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए निदेशक, तकनीकी शिक्षा और विभाग को बधाई दी है।

मंडी :एम.ओ.यू. साइन करने के दौरान तकनीकी शिक्षा निदेशक और आई.आई.टी. मंडी के अधिकारी। (ब्यूरो)

निदेशक तकनीकी शिक्षा विवेक चंदेल ने कहा है कि विभाग तकनीकी क्षेत्र की प्रगति के साथ-साथ प्रबंधन कौशल के अनुसार संकाय और प्रशिक्षकों के कौशल को अद्यतन और उन्नत कर रहा है ताकि संस्थानों के प्रशिक्षण और प्रशासन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। इस उद्देश्य के लिए विभाग न केवल उद्योग 4.0 की आवश्यकता के अनुसार नए पाठ्यक्रम लेकर आ रहा है बल्कि उद्योग और प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए विभागीय पहुंच बढ़ाने का भी प्रयास कर रहा है।

इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक संस्थानों के शिक्षकों को आईआईटी मंडी देगा प्रशिक्षण

सुंदरनगर (मंडी)। इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक के शिक्षकों को अब आईआईटी मंडी प्रशिक्षण प्रदान करेगा। हिमाचल सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग और आईआईटी मंडी ने प्रौद्योगिकी और इसके अनुप्रयोगों में नवीनतम प्रगति की चुनौतियों का सामना करने के लिए एमओयू साइन किया है।

इसमें सरकारी इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के शिक्षकों के साथ-साथ राज्य के आईटीआई शिक्षकों के प्रशिक्षण और उन्नयन की सुविधा के लिए उन्हें आईआईटी मंडी में प्रशिक्षण प्रदान किय जाएगा। सोमवार को तकनीकी शिक्षा निदेशालय सुंदरनगर में निदेशक तकनीकी शिक्षा विवेक चंदेल और निदेशक आईआईटी मंडी प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा ने एमओयू पर

तकनीकी शिक्षा विभाग और आईआईटी मंडी ने सोमवार को साइन किया एमओयू

हस्ताक्षर किए। एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ ही दोनों संस्थाओं ने इस पर काम भी करना शुरू कर दिया है। इस समझौते के अनुसार पहले चरण में आईआईटी मंडी तकनीकी शिक्षा विभाग के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक में से प्रत्येक श्रेणी के 20-20 फैकल्टी के पहले बैच को प्रशिक्षण प्रदान करेगी। प्रत्येक बैच जुलाई और अगस्त के महीने में आईआईटी मंडी में सात दिनों का पूर्ण आवासीय संकाय विकास कार्यक्रम करेगा।

इस कार्यक्रम में संकाय अपने विषय कौशल को उन्नत करने के लिए नवीनतम जानकारी और प्रौद्योगिकी प्रगति के गुर सीखेंगे। इस मौके पर सतत शिक्षा केंद्र के प्रमुख और स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग आईआईटी मंडी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तुषार जैन सहित तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

निदेशक तकनीकी शिक्षा विवेक चंदेल ने बताया विभाग तकनीकी क्षेत्र की प्रगति के साथ-साथ प्रबंधन कौशल के अनुसार संकाय और प्रशिक्षकों के कौशल को अद्यतन और उन्नत कर रहा है। संवाद